**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 11.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- केंद्र सरकार ने निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 31 दिसंबर तक बिना बिके स्टॉक पर संशोधित एमआरपी घोषित करने की अनुमति दी है।
- परख की ओर से शिक्षा सदन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।
- पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में 'नए आपराधिक कानून, 2023 (मास्टर ट्रेनर कोर्स)' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अंतर–विद्यालय बैडमिंटन नॉकआउट टूर्नामेंट का फाइनल कल खेला जाएगा।

<><><><><><><><><><>

केंद्र सरकार ने हाल में जीएसटी दरों में बदलाव के बाद पूर्व–पैक वस्तुओं के निर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को 31 दिसंबर तक बिना बिके स्टॉक पर संशोधित अधिकतम खुदरा मूल्य – एमआरपी घोषित करने की अनुमति दे दी है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार वस्तुओं पर मूल एमआरपी दिखाई देनी चाहिए।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली तक अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की। तीन सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती के साथ उनका यह सपना साकार हुआ। सरकार ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के अंतर्गत ड्रोन क्षेत्र में बड़ी राहत की घोषणा की है। ड्रोन पर जीएसटी की दरें 28 और 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है इससे पहले एकीकृत कैमरा वाले ड्रोन के लिए यह दर 18 प्रतिशत और व्यक्तिगत उपयोग वाले ड्रोन के लिए 28 प्रतिशत थी। पायलट प्रशिक्षण के लिए उड़ान और मोशन सिम्युलेटर को भी छूट दी गई है। जीएसटी में सुधार से विनिर्माण और सॉफ्टवेयर क्षेत्र में रोजगार सृजन में भी मदद मिलेगी, जिससे भारत ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><><><><>

परख, एनसीईआरटी, राज्य शिक्षा संस्थान के सहयोग से, शिक्षा सदन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला समग्र प्रगति कार्ड के कार्यान्वयन और सभी शैक्षिक क्षेत्रों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024–25 के परिणामों पर केंद्रित है। कार्यशाला का उद्घाटन संस्थान की प्रधानाचार्या संगीता चंद ने किया। उन्होंने परख पहल के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। परख की सी ई ओ प्रो. इंद्राणी भादुड़ी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत की शिक्षा प्रणाली को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बनाने में परख की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे जानकारी दी। उन्होंने इसके मुख्य कार्यों जैसे छात्रों के मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय मानक निर्धारित करना, विभिन्न स्कूल बोर्डों में समानता सुनिश्चित करना और बच्चों को रटने की आदत से दूर रखने पर जोर दिया। इस कार्यशाला में सभी क्षेत्रों के कुल 100 शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य एनईपी–संरेखित मूल्यांकन सुधारों के लिए शिक्षक क्षमता को बढ़ाना है।

<><><><><><><><><><>

अंडमान पर्यटन के एक प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय हितधारक परामर्श में भाग लिया। इस परामर्श में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों और निवेशकों सहित लगभग 200 हितधारक शामिल थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक मानकों के 50 गंतव्यों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार करना था। द्वीपसमूह के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पर्यटन आयुक्त व

सचिव चंचल यादव, नई दिल्ली के डीआरसी विनोद कुमार यादव और अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष मोहन विनोद ने किया। इस अवसर पर निजी क्षेत्र के नेतृत्व वाले पर्यटन केंद्र विकास और पीएलआई–आधारित गंतव्य मॉडल के निर्माण पर चर्चा की गई। आटो के अध्यक्ष ने विमानों की संख्या बढ़ाने, अंतर्राष्ट्रीय संपर्क शुरू करने, सभी पर्यटन–संबंधी परियोजनाओं के लिए एकल–खिड़की निकासी प्रणाली स्थापित करने और पर्यटन मंत्रालय के प्रचार अभियानों में अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को शामिल करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, प्रातरापुर में 'नए आपराधिक कानून, 2023 (मास्टर ट्रेनर कोर्स)' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी और पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के कुल 27 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य नए अधिनियमित आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी देना था। समापन सत्र में प्रशिक्षण स्कूल के प्रधानाचार्य उमा शंकर, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी के वरिष्ठ सलाहकार इति रावरा, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और संकायों सदस्यों ने, 1 जुलाई, 2024 से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षित अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के अंडर–17 और अंडर–14 लड़के और लड़कियों के लिए अंतर–विद्यालय बैडमिंटन नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। अंडर–14 लड़कों के एकल श्रेणी का पहला सेमीफाइनल कल खेला गया। दूसरा सेमीफाइनल आज सुबह साढ़े आठ बजे खेला जाएगा। फाइनल कल सुबह साढ़े आठ बजे नेताजी स्टेडियम के बहुउद्देश्य सभागार में खेला जाएगा।

इस बीच, श्री विजयपुरम शैक्षिक अंचल क्षेत्र के अंडर–17 लड़कियों के लिए अंतर–विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता कल टीचर्स होम में आयोजित की गई। इस अवसर पर खेल विभाग के सहायक निदेशक बिश्वनाथ सेन ने मुख्य अतिथि के रूप में टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन किया। अंडर–17 लड़कों के लिए शतरंज टूर्नामेंट आज सुबह साढ़े आठ बजे टीचर्स होम में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से कल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रातरापुर में बाल अधिकार और स्वास्थ्य एवं पोषण पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उप–निरीक्षक ज्योति, सीएचएल की कॉल ऑपरेटर नीलोफर बानो और ए एन एम वी. ज्योतिमणि ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों को हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और टोल–फ्री नंबरों पर कॉल करके इसकी सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्य मिशन समन्वयक डॉ. नीतू सिंधु ने कैंसर से बचाव के लिए एचपी टीके के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में एनएससीबीआईएचएल के अंतर्गत बी.टेक के सी एस ई, सिविल और ई सी ई की बची हुई सीटों पर प्रवेश आज ऑनलाइन होगा। पात्र उम्मीदवार सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल सुबह 10 बजे से रात्रि आठ बजे तक तक खुला रहेगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

जन सुरक्षा योजना के पूर्णीकरण और जन धन खातों के पुनः केवाईसी पर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर आज सुबह  11 बजे जंगलीघाट स्थित खेतान कल्याण मंडपम में और कल दोपहर 2.30 बजे ग्राम पंचायत, स्टीवर्टगंज में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता क्षेत्रीय निदेशक सुधांशु प्रसाद इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से सितम्बर माह में ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इस सिलसिले में आज सिप्पीघाट और मध्योत्तर अंडमान के गणेश नगर में शिविर लगेगा। कल और तेरह सितम्बर को हम्फ्रीगंज और गणेश नगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 27 सितम्बर तक द्वीपों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने आम जनता से इस शिविर का लाभ उठाने और आधार संबंधी कार्य पूरा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>